RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 25 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 252 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

नए साल और क्रिसमस का जश्न...




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# बॉम्बे हाई कोर्ट ने माहिम मेले को जारी रखने की दी अनुमति

## 24 , 25 दिसंबर की नोटीस खारीज...

**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार (24 दिसंबर) को मुंबई पुलिस द्वारा जारी नोटिस को खारिज कर दिया, जिसमें शहर के सबसे जीवंत आयोजनों में से एक वार्षिक माहिम मेला (झूला एरिया) को रोकने के लिए कहा गया था। इसमें सड़कों पर ''भीड़भाड़''का हवाला दिया गया था, खासकर 24 और 25 दिसंबर को, जब लोग क्रिसमस का जश्न मनाएंगे।

न्यायमूर्ति शिवकुमार डिगे और अद्वैत सेठना की अवकाश पीठ ने कहा कि पुलिस इस आयोजन को रोकने के बजाय भीड़भाड़ और ट्रैफिक जाम पर नियंत्रण रखने के लिए अधिक पुलिस बल मुहैया करा सकती है। पीठ ने पुलिस का प्रतिनिधित्व करने वाली अतिरिक्त लोक अभियोजक प्राजक्ता शिंदे से कहा, ''कार्यक्रम



को जारी रहने दें।''विशेष रूप से, यह मेला हजरत मखदूम फकीह अली माहिमी के जीवन के उत्सव की याद दिलाता है और इसमें सांस्कृतिक प्रदर्शन, स्ट्रीट फूड, खरीदारी और 10 दिवसीय आयोजन में आने वाले लोगों के लिए कई गतिविधियाँ शामिल हैं। माहिम पुलिस ने विशेष रूप से 24 और 25 दिसंबर को इस आयोजन को रोकने के लिए नोटिस जारी किया था, क्योंकि इस दौरान हजारों लोग माहिम के सेंट माइकल चर्च में आएंगे, जो दरगाह के विपरीत दिशा में है।

इस नोटिस पर आपत्ति जताते हुए आयोजकों ने एडवोकेट प्रसन्ना भंगाले के माध्यम से जस्टिस डिगे की अध्यक्षता वाली अवकाश अदालत में नोटिस को चुनौती दी। हालांकि अदालत ने नोटिस को खारिज कर दिया।

## 33 साल बाद मुंबई पुलिस के हाथ आया आरोपी...

### पत्नी का मर्डर कर ऐसे छुपा रहा हत्यारा




**ठाणे:** नवी मुंबई से एक चौकाने वाली खबर सामने आई है, जहां एक व्यक्ति अपनी ही पत्नी की हत्या के बाद कई सालों तक कानून की नजर से बचता रहा और लगभग 33 साल बाद वे इस आरोपी को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी कि नवी मुंबई पुलिस ने अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में 33 साल से फरार एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी बाबू गुडगीराम काले (70) को रविवार को पड़ोसी मुंबई के मुलुंड उपनगर के पास से गिरफ्तार किया गया, जहां वह मजदूरी करता था और आजीविका के लिए फूल बेचने का काम करता था। पनवेल टाउन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक नितिन ठाकरे ने बताया कि मामला 28 जनवरी 1991 का है।

ये तब का मामला है जब काले ने अपनी पत्नी के साथ अक्सर होने वाले घरेलू विवादों के चलते नवी मुंबई के पनवेल इलाके में स्थित अपने घर में कथित तौर पर उस पर केरोसिन छिड़ककर आग लगा दी थी। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से झुलसी महिला की बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद काले के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई और स्थानीय अदालत ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। हालांकि, काले गिरफ्तारी से बचता रहा और तीन दशक से अधिक समय तक छिपा रहा। पुलिस ने फरार आरोपी का पता लगाने के लिए कई सुराग, खुफिया और तकनीकी जानकारी का इस्तेमाल करते हुए उसका पीछा किया। अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती सुरागों से पता चला कि वह मुंबई के मुलुंड इलाके में मौजूद है।

## मुंबई लोकल ट्रेन के आगे कूदकर कर्मचारी ने किया सुसाइड...

### साहूकारों के उत्पीड़न से था परेशान

**मुंबई:** महाराष्ट्र उत्पाद शुल्क विभाग के 57 वर्षीय संविदा कर्मचारी ने कथित तौर पर साहूकारों द्वारा उत्पीड़न के कारण मुंबई में एक लोकल ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक दंपति और एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित साहू सदाशिव माने रविवार तड़के जीटीबी नगर रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर बेहोश पड़े मिले। वह मध्य मुंबई के सायन में प्रतीक्षा नगर का रहने वाला था। माने शनिवार देर रात तक अपने घर नहीं लौटे थे जिसके बाद उनकी पत्नी ने उनके मोबाइल पर फोन किया। कॉल का जवाब एक पुलिस अधिकारी ने दिया, जिसने परिवार को सूचित किया कि माने जीटीबी नगर रेलवे स्टेशन पर एक दुर्घटना में घायल हो गए हैं। इसके बाद माने का 23 वर्षीय बेटा मौके पर पहुंचा।



एक अधिकारी ने बताया कि साहू सदाशिव माने को नगर निगम द्वारा संचालित केईएम अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को माने की जेब से कथित तौर पर उसके द्वारा लिखा गया एक सुसाइड नोट मिला।

प्रारंभिक जांच के अनुसार, साहू सदाशिव माने सायन कोलीवाड़ा की सरदार नगर निवासी मनीषा देठे (40) से साढ़े तीन लाख रुपये कर्ज लिया था। सदाशिव माने पर उधार का पैसा चुकाने का बहुत दबाव था। माने ने साढ़े रुपये चुकाने का दबाव न झेल पाने के कारण अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के बेटे की तरफ से दर्ज कराई शिकायत के अनुसार, कारोना काल में दूध के व्यवसाय के लिए 9 प्रतिशत की मासिक ब्याज दर पर 31,500 रुपये की किस्त पर ऋण लिया गया था। घाटे के कारण अंततः व्यावसायिक उद्यम बंद हो गया।

**कर्ज देने वालों ने किया था परेशान**

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''चूंकि ऋण चुकाने में देरी हो रही थी, ऋणदाता मनीषा देठे और उनके पति सुधीर देठे माने के घर जाते थे और परिवार के सदस्यों के सामने उनके साथ दुर्व्यवहार करते थे। प्रारंभिक ऋण राशि 7 प्रतिशत मासिक ब्याज दर के साथ 49,000 रुपये की किस्त पर 7 लाख रुपये हो गई। माने कर्ज चुकाने में असमर्थ रहे और दूसरों से उधार लेना शुरू कर दिया।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''चूंकि ऋण चुकाने में देरी हो रही थी, ऋणदाता मनीषा देठे और उनके पति सुधीर देठे माने के घर जाते थे और परिवार के सदस्यों के सामने उनके साथ दुर्व्यवहार करते थे। प्रारंभिक ऋण राशि 7 प्रतिशत मासिक ब्याज दर के साथ 49,000 रुपये की किस्त पर 7 लाख रुपये हो गई। माने कर्ज चुकाने में असमर्थ रहे और दूसरों से उधार लेना शुरू कर दिया।

## मराठवाड़ा और पश्चिम विदर्भ में हो सकती है बारिश!



**मुंबई:** महाराष्ट्र के अलग-अलग हिस्सों में बुधवार से कुछ बादल छाए रहने का अनुमान लगाया गया है। 26 दिसंबर को दक्षिणी कोल्हापुर, सांगली, सोलापुर जिलों में छिटपुट क्षेत्र, 27 दिसंबर को खानदेश (नासिक डिवीजन), मध्य महाराष्ट्र (पुणे डिवीजन), उत्तरी मराठवाड़ा और पश्चिम विदर्भ में अलग-अलग स्थानों पर बारिश हो सकती है। इसके अलावा 28 दिसंबर को खानदेश, मराठवाड़ा (मुख्य रूप से उत्तरी जिले) और विदर्भ के कुछ हिस्सों में बारिश और गरज के साथ बारिश की भी भविष्यवाणी की गई है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। कृषि विभाग इस क्षेत्र के किसानों से मौसम पूवार्नुमान पर नजर रखने और उसके अनुसार योजना बनाने की अपील की है। दूसरी ओर पश्चिमी मॉनसून के प्रभाव के कारण मुंबई में अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। इसके चलते पूरे दिन वातावरण में ठंडक महसूस की जा रही है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### साम्राज्यवादी शक्तियां...

संसद के हालिया सत्र का एक बड़ा हिस्सा विवादित अमेरिकी उद्यमी जार्ज सोरोस को लेकर सत्तापक्ष एवं विपक्ष में तल्ख बयानबाजी की भेंट चढ़ गया। सोरोस उस अधिनायकवादी और साम्राज्यवादी विचारधारा के प्रतीक हैं, जो अपने वैश्विक दृष्टिकोण और व्यापारिक-रणनीतिक हितों के लिए वैश्विक भूगोल, इतिहास और संस्कृति को बदलने पर आमादा हैं। याद रहे कि पारंपरिक औपनिवेशवाद के दिन अब लद चुके हैं। अब न तो सैन्यबल से किसी समाज को नष्ट किया जाता है और न ही किसी देश पर कब्जे से। इसके बावजूद साम्राज्यवादी मानसिकता का अंत नहीं हुआ है। उसने केवल अपना चोला बदला है। अब इसके हथियार सांस्कृतिक, सामाजिक, मजहबी और आर्थिकी पर गढ़ा जाने वाला नैरेटिव है। विदेशी ताकतें लक्षित देशों में बिकाऊ लोगों की एक फौज खड़ी करती हैं, जो लोग इशारा मिलते ही उनके बनाए नैरेटिव पर अपने देश को विरूपित करना शुरू कर देते हैं। इससे माहौल बिगड़ना शुरू हो जाता है।

अपने कुत्सित इरादों की पूर्ति के लिए सोरोस ने दुनिया भर में दांव लगाए हैं। इसी कड़ी में 94 वर्षीय सोरोस ने कई अमेरिकी मीडिया संस्थाओं में निवेश किया है। उनकी कुल संपत्ति 44 अरब डालर है, जिसका बड़ा हिस्सा उन्होंने 'मानवाधिकार' और 'लोकतंत्र' के नाम पर खर्च किया है। इस उपक्रम का उद्देश्य दुनिया को अपनी कल्पना के अनुरूप ढालना और अपने एजेंडे को आगे बढ़ाना है। यही कारण है कि सोरोस पर दुनिया के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने का आरोप है। वर्ष 1992 में इंग्लैंड के बैंकों को बर्बाद करके अकूत धन अर्जित करना, 1997 में थाइलैंड की करेंसी को गिराना, 2002 में फ्रांसीसी अदालत द्वारा अनैतिक-अनधिकृत व्यापार का दोषी ठहराना और कई देशों द्वारा सोरोस की संस्थाओं पर जुमार्ना-प्रतिबंध लगाना इसके कुछ उदाहरण हैं। सोरोस और उनकी संस्था अपने नापाक एजेंडे की पूर्ति के लिए अक्सर समाजसेवा और परोपकार का मुखौटा लगाए रहते हैं। भारत सहित तमाम देश विदेशी ताकतों के व्यापक हस्तक्षेप के भुक्तभोगी रहे हैं। इसके प्रभावों की गहन पड़ताल भी हुई है। राजनयिक नरेंद्र सिंह सरीला ने अपनी पुस्तक 'विभाजन की असली कहानी' में लिखा कि अंग्रेजों ने दुनिया के इस हिस्से में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए भारत का विभाजन करके इस्लामी पाकिस्तान को जन्म दिया था। इसके लिए अंग्रेजों ने 'भारतीयों' का ही उपयोग किया। अब सोरोस जैसे लोग भी उसी काम में लगे हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE
COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : इस वर्ष सायबर अपराधों में तकरीबन 350 फीसदी की वृद्धि




**मुंबई :** सायबर क्राइम ने मुंबई को इस कदर जकड़ लिया है कि रोजाना कहीं न कहीं मुंबईकर सायबर फ्रॉड का शिकार हो रहे हैं। इस साल के जो आंकड़े सामने आए हैं, वे बेहद चौंकानेवाले हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सायबर अपराधों में तकरीबन ३५० फीसदी की वृद्धि हुई है, जिसमें करीब ११,०० करोड़ रुपए का फ्रॉड हुआ है। सायबर क्राइम की बढ़ती घटनाओं ने सायबर पुलिस की नींद हराम कर दी है। इसमें सबसे अहम बात यह है कि पुलिस मात्र १० प्रतिशत मामले ही सुलझाने में कामयाब हुई है।

बता दें कि मुंबई में सायबर ठग कहीं निवेश के नाम पर, तो कहीं ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को लूटने का काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं, चंद दिनों में पैसे दोगुने करने का लालच देकर भी लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद सायबर फ्रॉड पर काबू नहीं पाया जा सका है। आंकड़ों के मुताबिक, २०२३ में ९१ हजार सायबर फ्रॉड के मामले दर्ज किए गए थे, वहीं इस साल ५ लाख से ज्यादा शिकायतें रजिस्टर्ड हुई हैं। इस तरह बढ़े हुए आंकड़े सायबर पुलिस के लिए सिर दर्द बने हुए हैं। इसके अलावा सायबर फ्रॉड के मामलों को सुलझाने में भी पुलिस को कोई खास कामयाबी नहीं मिली है। अभी ताजा घटनाओं की बात करें तो मुंबई में दो दिनों के अंदर तीन सायबर अपराध की घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में २० लाख रुपए की ठगी की गई। सायबर फ्रॉड करनेवालों ने बोरीवली की एक महिला को घर बैठे कमाने का झांसा देकर चंद दिनों में पैसे दोगुने करने का लालच दिया। महिला लालच के चक्कर में सायबर ठग के झांसे में आ गई और निवेश के नाम पर ५.७८ लाख रुपए सामनेवाले के खाते में भेज दिए। बाद में पता चला कि उसके साथ फ्रॉड हुआ है।

**बुजुर्गों को बनाते हें शिकार**

वसोर्वा के यारी रोड निवासी सेवानिवृत्त उप शिक्षा निरीक्षक को सीबीआई अधिकारी बताकर डराया गया कि उनके खिलाफ दिल्ली में एफआईआर दर्ज की गई है। उनके आधार कार्ड के जरिए कई बैंकों में खाते खोले गए हैं और वह मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल हैं। ७३ वर्षीय बुजुर्ग ने घबराकर कॉल करनेवाले सायबर ठग के खाते में ५ लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। यह घटना २१ दिसंबर की है। इसी तरह २१ दिसंबर के दिन ही मालाड की एक ६८ वर्षीय महिला को एक कॉल आया। उसने बताया कि वह क्राइम ब्रांच अधिकारी है और फिर धमकाते हुए बुजुर्ग महिला से कहा कि उनके आधार कार्ड के जरिए गोयल नामक किसी व्यक्ति ने बैंक में खाता खोला है और खाता खोलनेवाले का नाम मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल है। महिला ने घबराकर सायबर प्रष्ठॉड करनेवाले के खाते में १० लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।

## बच्ची से छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार...

**ठाणे :** आठ साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले 43 साल के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 20 नवंबर को बच्ची अपने घर पर अकेली थी। इस दौरान उसका पड़ोसी घर आया और उसने बच्ची से छेड़छाड़ की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि उसके परिवार ने एक महीने बाद शिकायत दर्ज कराने का कोई कारण नहीं बताया।

## स्टेरॉयड इंजेक्शन बेचने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**पुणे:** शिवाजीनगर पुलिस ने स्टेरॉयड इंजेक्शन बेचने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से ₹5,000 मूल्य की 14 शीशियाँ जब्त की हैं। इंस्पेक्टर चंद्रशेखर सावंत ने बताया कि आरोपियों की पहचान दीपक बाबूराव वाडेकर और साजन अन्ना जाधव के रूप में हुई है। ''आरोपियों से पूछताछ करने पर वे बिल नहीं दिखा पाए और उनके पास प्रतिबंधित स्टेरॉयड पाए गए। हम उस स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, जहां से आमतौर पर बॉडीबिल्डर द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं की तस्करी की जाती थी,'' उन्होंने कहा।

## भिवंडी में आक्सीटोसिन इंजेक्शन बेचने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे...




**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भैंस और गाय मे दूध की मात्रा बढ़ाने वाले प्रतिबंधित आक्सीटोसिन इंजेक्शन बेचने वाले दो लोगों को अन्न व औषधि विभाग की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार सैफुल माजीद सनफुई और आशिक लियाकत सरदार दोनों किदवई नगर के इलाके में रहते थे और आक्सीटोसिन इंजेक्शन बनाने, बेचने और भारी मात्रा में जमा करके रखते भी थे। यह इंजेक्शन गाय और भैंस को दूध की मात्रा बढ़ाने के लिए दिया जाता है इस इंजेक्शन को लगाकर निकाले गए दूध के इस्तेमाल से लोगों को बीमारी होने का डर है और सुनने में कमजोरी, दृषटहिनता, पेट की बीमारी, गर्भवती महिलाओं में रक्तस्राव, गर्भपात और नवजात शिशु में पीलिया होने का डर बना रहता है, उक्त दोनों गिरफ्तार किया गये व्यक्ति गैरकानूनी ढंग से आक्सीटोसिन इंजेक्शन बेचने का काम कर रहे थे, क्योंकि इसकी बिक्री के लिए रजिस्टर फार्मासिस्ट की सेवा जरुरी है और चिकित्सक की सलाह पर ही दी जाती है, इन दोनों लोगों को औषधि विभाग निरीक्षक राजेश बाबूराव बनकर ठाणे की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर 7 लाख 23 हजार के लिक्विड, रसायन और मिश्रण बरामद किया है, वहीं शांतिनगर पुलिस स्टेशन के उपनिरीक्षक कुचेकर इस मामले की जांच कर रहे हैं। वहीं पशुओं के डाक्टर ने बताया कि यह एक प्रतिबंधित दवा है। इसका प्रयोग ज्यादातर पशुओं में किया जाता है। जब पशु का बच्चा मर जाता है और दूध देना बंद कर देती है तो उसको इंजेक्शन लगाया जाता है। यह हॉर्मोन्स परिवर्तन का कारण बनता है। इसका असर नकारात्मक होता है। इसका प्रयोग सब्जियों और फलों आदि में भी किया जाता है। इसलिए इसको प्रतिबंधित किया गया है।

## मुंबई : मंत्रालय की छठी मंजिल पर प्रवेश प्रतिबंध...!



**मुंबई :** मंत्रालय की छठी मंजिल पर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के कार्यालयों में भीड़ के कारण मुख्यमंत्री सचिवालय के कामकाज पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए मीडिया और आगंतुकों के लिए छठी मंजिल पर प्रवेश प्रतिबंध लगाने का ट्रायल शुरू किया गया है। इसके तहत मुख्यमंत्री सचिवालय के जनसंपर्क और साक्षात्कार विभाग को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। मंत्रालय में मुख्य भवन की छठी मंजिल पर मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित हैं। इससे जुड़े दोनों उपमुख्यमंत्रियों के कार्यालय और कार्यालय हैं। मुख्य सचिव का कार्यालय भी इसी मंजिल पर है। एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री रहने के दौरान मुख्यमंत्री के पास काम के लिए आने वाले सांसदों, विधायकों, पार्टी नेताओं के साथ-साथ नागरिकों का भी काफी आवागमन रहता था। सांसदों, विधायकों और पार्टी नेताओं के निजी सहायक सीधे मुख्यमंत्री सचिवालय में आकर दस्तावेज जमा करते थे।

इस भीड़ के कारण मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों को काम करने में परेशानी होती थी। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने छठी मंजिल पर भीड़ को नियंत्रित करने की दिशा में सोचना शुरू कर दिया है।महागठबंधन सरकार के 42 मंत्रियों में से 22 के लिए मंत्रालय में नए हॉल बनाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे पुनर्गठन के कारण मंत्रालय के मुख्य भवन की छठी और सातवीं मंजिल फिलहाल फर्नीचर फैक्ट्री में तब्दील हो चुकी है। मंत्रिमंडल विस्तार और विभाग आवंटन के बाद अब हॉल और बंगले आवंटित कर दिए गए हैं। छठी मंजिल पर स्थित मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्रियों के हॉल के सुंदरीकरण ने जोर पकड़ लिया है। नए मंत्री के लिए अधिकारियों के हॉल खाली कराए जा रहे हैं और उनकी जगह मंत्री कक्ष तैयार किए जा रहे हैं। कुछ राज्य मंत्रियों को तो मुख्य भवन में अटारी भी दी गई है।

# वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण मुंबईकरों को खांसी-जुकाम

**मुंबई :** पिछले कई दिनों से मुंबई में वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण मुंबईकरों को खांसी-जुकाम जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। तापमान में कमी के कारण हवा में मौजूद प्रदूषक वायुमंडल की निचली परतों में बस जाते हैं। ये धूल के कण सूखी खांसी, जुकाम, गले में खराश आदि जैसी समस्याएं पैदा कर रहे हैं। इससे उबरने में 10 से 15 दिन लग रहे हैं। वाहनों से निकलने वाला धुआं और निर्माण स्थलों से निकलने वाली धूल के कण पूरे साल मुंबई की हवा में बने रहते हैं। हालांकि, जैसे-जैसे दिन में तापमान बढ़ता है, जमीन के पास की हवा ऊपर उठती है और इसके साथ ही प्रदूषकों की मात्रा भी कम होती जाती है। हालांकि, ठंड के दिनों में जमीन के पास की हवा वहीं रहती है और हवा में मौजूद धुआं और धूल के कण सांस के जरिए शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। इससे खांसी, गले में खराश और सूखी खांसी जैसी समस्याएं होती हैं, ऐसा विशेषज्ञों ने कहा।



नवंबर और दिसंबर के दौरान मुंबई में वायु प्रदूषण बढ़ जाता है। इस समय मुंबई की हवा 'खराब'से 'बहुत खराब' श्रेणी में होती है। इस साल हवा लंबे समय तक 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई है। कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले मरीजों में संक्रमण की दर तेजी से बढ़ रही है। विशेषज्ञों ने राय व्यक्त की है कि सांस संबंधी बीमारियों और मधुमेह से पीड़ित लोगों को इस दौरान विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इन रोगियों को अपनी वर्तमान दवाएं और आहार समय पर लेना चाहिए ताकि हवा में बदलाव का उनके स्वास्थ्य पर असर न पड़े। खांसी के लिए अक्सर घरेलू उपाय किए जाते हैं। प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए खांसी के घरेलू उपायों का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे अस्थायी रूप से बेहतर महसूस हो सकता है।

हालांकि, खांसी कई दिनों तक वैसी ही रहती है। अगर खांसी तीन दिन से ज्यादा रहती है, तो डॉक्टर की सलाह के अनुसार इलाज कराना चाहिए, ऐसा सांस रोग विशेषज्ञों ने सलाह दी है। मुंबई की हवा में 10 माइक्रोमीटर से कम व्यास वाले धूल कणों की मात्रा बढ़ गई है। शरीर की संरचना के कारण 10 माइक्रोमीटर से बड़े धूल कण शरीर में प्रवेश नहीं कर सकते। हालांकि, 2.5 से 5 माइक्रोमीटर के आकार वाले कण नाक, कान, गले और स्वरयंत्र को नुकसान पहुंचाते हैं। सर्दी, खांसी और छींक के साथ-साथ यह आंखों में जलन भी पैदा करते हैं। 2.5 माइक्रोमीटर से कम आकार वाले धूल के कण सीधे फेफड़ों में प्रवेश कर सकते हैं और वहां जमा हो सकते हैं। इससे अस्थमा और सांस संबंधी विकार बढ़ सकते हैं।

## मरीन ड्राइव पर खराब हुई नौसेना की बस, यातायात प्रभावित



**मुंबई :** मुंबई के व्यस्त मरीन ड्राइव पर भारतीय नौसेना की एक बस खराब हो गई। इसके चलते यहां यातायात प्रभावित हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि बस मरीन प्लाजा होटल के पास खराब हो गई। इसके चलते यहां यातायात धीमा हो गया। बाद में यातायात पुलिस कर्मियों ने सुबह पौने दस बजे एक टोइंग वैन की मदद से बस को सड़क से हटाया।

## एसयूवी कार डिवाइडर से टकराई... हादसे में छह वर्षीय हर्ष अथेरिया की मौत




**नवी मुंबई :** वाशी में एसयूवी कार डिवाइडर से टकरा गई। जिसके चलते कार का पिछला हिस्सा हवा में करीब सात फीट ऊपर उठने के बाद बोनट पर आ गया। हादसे में छह वर्षीय हर्ष अथेरिया की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़का अपने पिता और तीन चचेरे भाइयों के साथ यात्रा कर रहा था। वाशी पुलिस स्टेशन के एपीआई दीपक गावित ने बताया कि हर्ष के पिता मावजी अरेथिया की शिकायत पर घनसोली निवासी एसयूवी चालक विनोद पचड़े के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने से मौत का मामला दर्ज किया गया है।

## वंदे भारत एक्सप्रेस अपने रास्ते से भटक गई... 90 मिनट की देरी से पहुंची

**मुंबई :** भारत की लग्जरी ट्रेनों में से एक और एडवांस टैक्नोलॉजी से लैस वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है. छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (सीएसएमटी)-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन टेक्निकल ग्लिच की वजह से अपने रास्ते से भटक गई. जिस वजह से यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से 90 मिनट की देरी से पहुंची।



रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, यह ट्रेन महाराष्ट्र के ठाणे जिले के दीवा स्टेशन पर तकनीकी खराबी के कारण सोमवार सुबह अपने निर्धारित मार्ग से भटक गई. कोंकण जाने वाली ट्रेनों द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाला दिवा-पनवेल रेलवे मार्ग पर पनवेल स्टेशन की ओर बढ़ने के बजाय एक्सप्रेस ट्रेन सुबह छह बजकर 10 मिनट पर कल्याण की ओर मुड़ गई. इस घटना के कारण मध्य रेलवे पर मुंबई की लोकल ट्रेन सेवाओं में भी देरी हुई. मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि यह घटना दिवा जंक्शन पर डाउन फास्ट लाइन और पांचवीं लाइन के बीच पॉइंट नंबर 103 पर सिग्नलिंग और कम्यूनिकेशन सिस्टम में गड़बड़ी के कारण हुई. दिवा जंक्शन से कोंकण की ओर जाने वाली ट्रेनें नियमित मार्ग से पनवेल स्टेशन जाती हैं. अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग से भटक गई, जिसके बाद वह कल्याण स्टेशन पहुंची और दिवा जंक्शन पर वापस लौटी, जिसके बाद उसने दिवा-पनवेल मार्ग पर मडगांव के लिए अपनी आगे की यात्रा फिर से शुरू की.

**वापस लाया गया दिवा**

नीला ने बताया कि ट्रेन को सुबह छह बजकर 10 मिनट से पौने सात बजे तक लगभग 35 मिनट के लिए दिवा जंक्शन पर रोका गया, उसके बाद रेल कल्याण की ओर रवाना हुई. उन्होंने बताया, ''ट्रेन पांचवीं लाइन से होते हुए लगभग सात बजकर चार मिनट पर कल्याण स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर छह पर पहुंची. इसे सात बजकर 13 मिनट पर छठी लाइन से होते हुए दिवा स्टेशन पर वापस लाया गया.''

जून 2023 में शुरू की गई सीएसएमटी-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से सुबह पांच बजकर 25 मिनट पर रवाना होती है और उसी दिन दोपहर एक बजकर 10 मिनट पर गोवा के मडगांव पहुंचती है. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम पर ऐसी घटनाएं बहुत कम होती हैं.

## कस्टम हाउस में तैनात तत्कालीन मद्य निषेध अधिकारी समेत तीन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**मुंबई :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हाल ही में न्हावा शेवा स्थित जवाहरलाल नेहरू कस्टम हाउस में तैनात तत्कालीन मद्य निषेध अधिकारी समेत तीन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोपियों पर इस मामले में 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। सीबीआई ने बताया कि यह आरोप पत्र अलीबाग स्थित विशेष सीबीआई अदालत में दाखिल किया गया। सीबीआई ने तत्कालीन निवारक अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और दो निजी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। सीबीआई ने इस मामले में 12 फरवरी को मामला दर्ज किया था। इसमें तत्कालीन निवारक अधिकारी (निरीक्षक) सिंह और अन्य के खिलाफ आपराधिक साजिश, रिश्वत मांगने, रिश्वत लेने जैसी विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया है।




सीबीआई के मुताबिक आरोपी अधिकारी जुलाई 2017 से जेएनपीटी स्थित कस्टम हाउस में कार्यरत था। उस समय अधिकारी को सूचना मिली थी कि एक गिरोह फर्जी चालान के आधार पर टैक्स रिफंड हासिल कर रहा है उसके बाद समझौता होने पर 25 लाख रुपए की रिश्वत मांगी और भविष्य में प्रत्येक फर्जी रसीद स्वीकार करने के लिए 10 हजार रुपए मांगे। उसके बाद आरोपियों ने एक निजी व्यक्ति के माध्यम से किश्तों में 25 लाख रुपए की रिश्वत ली। इस मामले में सीबीआई ने निजी व्यक्ति का मोबाइल फोन जब्त किया था। इसमें रिश्वत के संबंध में बातचीत पाई गई। रिश्वत के पैसे के बंटवारे की भी जानकारी मिली। इस मामले में जांच के बाद सीबीआई ने बताया कि पिछले सप्ताह तीनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी।

## युवक का मोबाइल छीनने और उसे 300 मीटर तक घसीटने के आरोप में तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज




**पुणे:** हडपसर पुलिस ने एक 22 वर्षीय युवक का मोबाइल छीनने और उसे 300 मीटर तक घसीटने के आरोप में तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, क्योंकि उसने अपना मोबाइल देने से इनकार कर दिया था। यह घटना शनिवार को शाम करीब 4.20 बजे डीपी रोड पर भागीरथी सोसाइटी के पास हुई। शिकायतकर्ता यश कथार, ऋषिकेश पार्क के अनुसार, वह पैदल जा रहा था, तभी ग्रे रंग की दोपहिया वाहन पर सवार तीन नकाबपोश लोगों ने उसे घेर लिया और उनमें से एक ने उसका फोन छीन लिया और भागने की कोशिश की। जब उसने विरोध करने की कोशिश की, तो आरोपी उसे करीब 300 मीटर तक घसीटते रहे, जब तक कि उसके पास फोन छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। इंस्पेक्टर संतोष पंधारे ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(6) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कल्याण में तीन तलाक के आरोप में 45 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज...

**ठाणे:** बाजारपेठ पुलिस ने कल्याण में अपनी 28 वर्षीय पत्नी को कथित तौर पर तीन तलाक (तत्काल तलाक) कहने के आरोप में 45 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना 7 दिसंबर से 20 दिसंबर के बीच कल्याण में हुई। आरोपी एक निजी कंपनी में काम करता है पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपनी पत्नी से 15 लाख रुपए मांगे थे, क्योंकि वह इसे अपनी पहली पत्नी को देने वाला था। उसने कथित तौर पर उसे धमकी दी कि अगर उसे पैसे नहीं दिए गए तो वह घर न आए। उसने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की और मांग पूरी न होने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।




5 दिसंबर को पीड़िता घर पहुंची और दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जो बाद में उस पर हमले में बदल गई। नतीजतन, उसने कथित तौर पर अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया, जो 2019 में प्रतिबंधित था और उसे जबरन घर से निकाल दिया। इसलिए, उसने 19 दिसंबर को संभाजी नगर पुलिस स्टेशन से संपर्क किया और 20 दिसंबर को अपना मामला बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया। बाजारपेठ पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेशसिंह गौड़ ने कहा, ''शिकायतकर्ता ने जनवरी 2024 में आरोपी से शादी की थी। आरोपी शिकायतकर्ता के साथ शांतिपूर्वक रहने के लिए अपनी पहली पत्नी को तलाक देना चाहता था। हालांकि, उसने तलाक के लिए अपनी पहली पत्नी को देने के लिए शिकायतकर्ता से 15 लाख रुपये की मांग की।'' उन्होंने आगे कहा कि आरोपी ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता को बॉस पार्टी में आने और उसके साथ सोने के लिए कहा।

# नए साल और क्रिसमस का जश्न...

## शराब की दुकानें, पब, होटल और बार सुबह पांच बजे तक खुले रहेंगे




**मुंबई :** नए साल और क्रिसमस का जश्न मनानेवालों के लिए अच्छी खबर है। राज्य में शराब की दुकानें, पब, होटल और बार सुबह पांच बजे तक खुले रहेंगे। राज्य के गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। गृह विभाग के इस फैसले का कई लोग स्वागत कर रहे हैं, लेकिन इस फैसले से सुरक्षा में तैनात पुलिस वाले की परेशानियां बढ़ जाएंगी।

गृह विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, राज्य में पब, रेस्तरां, परमिट रूम और बार को २४, २५ और ३१ दिसंबर को सुबह पांच बजे तक खोलने की अनुमति दी गई है। हालांकि, बीयर और वाइन बेचनेवाली दुकानों को दोपहर एक बजे तक बिक्री की मोहलत दी गई है। इसके अलावा एफएलबीआर-छ लाइसेंस धारकों को भी इसी तरह का मोहलत दी गई है। साथ ही रात १२ बजे तक आउटडोर कॉन्सर्ट की भी इजाजत दी गई है। अन्य दिनों में दुकानें रात १०.३० बजे तक बंद करनी होती हैं।

राज्य सरकार ने भले ही इसकी इजाजत दे दी है, लेकिन इस फैसले से पुलिस पर काफी दबाव पड़नेवाला है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मजबूत पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसी के साथ ही अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए राज्य उत्पादन उत्पाद शुल्क विभाग की टीमें तैनात की जाएंगी।

# गैंगस्टर बटाला का प्रमुख सहयोगी जतिंदर सिंह उर्फ ज्योति मानखुर्द से गिरफ्तार



**मुंबई:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खालिस्तानी आतंकी लखबीर सिंह उर्फ लांडा और गैंगस्टर बचित्तर सिंह उर्फ पवित्र बटाला के प्रमुख सहयोगी जतिंदर सिंह उर्फ ज्योति को मुंबई के मानखुर्द से गिरफ्तार किया है। ज्योति पंजाब के गुरदासपुर जिले का रहने वाला है। वह जुलाई, 2024 में हथियार सप्लाई करने वाले बलजीत सिंह उर्फ राणा भाई की गिरफ्तारी के बाद से फरार था। एजेंसी ने जतिंदर की पहचान लांडा द्वारा बनाए गए आतंकी गिरोह के सदस्य और बटाला के सहयोगी के रूप में की है। आरोप है कि वह गिरोह को हथियार उपलब्ध करा रहा था। जांच एजेंसी ने बताया कि जतिंदर की पहचान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के विदेश स्थित लांडा की ओर से गठित आतंकवादी गिरोह के सदस्य और लांडा के करीबी सहयोगी बटाला के एक सहयोगी के रूप में की है। एनआईए के अनुसार, जतिंदर सिंह पंजाब के लांडा और बटाला के जमीनी गुर्गों को हथियार मुहैया करा रहा था। एनआईए की जांच में पता चला है कि वह मध्य प्रदेश के सप्लायर बलजीत सिंह उर्फ राणा भाई से हथियार खरीद रहा था, जिसके खिलाफ हाल ही में इस मामले में चार्जशीट दाखिल की गई है।

### हथियारों की तस्करी में था शामिल

एनआईए की जांच में यह भी पता चला है कि जतिंदर सिंह मध्य प्रदेश से 10 पिस्तौल लेकर आया था और उन्हें पंजाब के लांडा और बटाला के गुर्गों तक पहुंचाया था। उसने मध्य प्रदेश से पंजाब में और अधिक हथियारों की तस्करी करने की योजना बनाई थी, लेकिन पिछले कई महीनों से एनआईए के लगातार तलाशी अभियानों के कारण उसकी योजना विफल हो गई। लखबीर सिंह लांडा को सरकार ने घोषित किया है आतंकवादीदरअसल केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 34 वर्षीय कनाडा निवासी गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा को यूएपीए के तहत आतंकवादी घोषित किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, लांडा 2021 में मोहाली में पंजाब पुलिस खुफिया मुख्यालय पर रॉकेट हमले समेत अन्य आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था। लांडा 2017 में कनाडा भाग गया था। गृह मंत्रालय ने उसकी पहचान कुख्यात खालिस्तानी समूह बीकेआई के सदस्य के रूप में की है।

# मुंबई : धोखाधड़ी करने के आरोप में वित्तीय सलाहकार फर्म के मालिक समेत नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मुंबई :** लोन दिलाने में मदद करने के नाम पर 1.74 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में वित्तीय सलाहकार फर्म के मालिक समेत नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया नवी मुंबई के कामोठे निवासी 40 वर्षीय बिल्डर ने शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसके व्यापार के लिए चार करोड़ रुपये का लोन पास कराने में मदद करने की बात कही। साथ ही प्रोसेसिंग शुल्क के तौर पर उससे 24.41 लाख रुपये ले लिए। नौपाड़ा पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कई अन्य लोगों के साथ भी ऐसा ही किया। इस तरह कर्ज लेने वालों से 1.74 करोड़ रुपये ठगे गए। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद वित्तीय सलाहकार फर्म के मालिक, बैंक प्रबंधक और सात अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# मुंबई में 2.4 करोड़ का सोना चोरी करने वाला गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई के गिरगांव में एक कार्यालय से कथित तौर पर 2.40 करोड़ रुपये की सोने की ईंटें चुराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी चंद्रभान पटेल (36) के रूप में हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि घटना 18 दिसंबर को तब सामने आई, जब एक 65 वर्षीय व्यापारी अपनी दुकान में तोड़फोड़ की शिकायत लेकर वीपी रोड पुलिस स्टेशन पहुंचा था। शिकायत के अनुसार, आरोपी मुख्य दरवाजा तोड़कर कार्यालय में दाखिल हुआ। वह एक-एक किलोग्राम वजन की तीन सोने की ईंटें और कुछ नकदी भी ले गया। जांच के बाद पटेल को गिरफ्तार किया गया, जो सीपी टैंक इलाके में कपड़ा बेचता था। चोरी की गई संपत्ति बरामद कर ली गई है।

# गोवंडी में एक दिल दहला देने वाली घटना, मामूली सड़क दुर्घटना का खूनी मोड़...




**मुंबई :** गोवंडी इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. एक मामूली सड़क दुर्घटना ने खूनी मोड़ ले लिया, जिसमें दो भाइयों ने घर में घुसकर ड्राइवर की बेरहमी से हत्या कर दी. गोवंडी के शिवाजी नगर इलाके के बैगनवाड़ी निवासी 35 वर्षीय आदिल खान अपनी कार से घर लौट रहे थे. रास्ते में उनकी कार ने सड़क किनारे खड़ी एक बाइक को टक्कर मार दी. इस टक्कर के कारण बाइक पास खड़ी एक महिला पर जा गिरी, जिससे महिला को मामूली चोटें आईं.

इस घटना के बाद महिला और आदिल के बीच कहासुनी हुई. हालांकि, यह बहस मौके पर ही खत्म हो गई और आदिल अपने घर लौट गए, लेकिन मामला यहीं शांत नहीं हुआ. महिला ने यह घटना अपने बेटों को बताई, जिससे वे गुस्से में आगबबूला हो गए. रात को महिला के दोनों बेटे आदिल के घर पहुंचे. वहां उन्होंने पहले आदिल से बहस की, फिर गुस्से में आकर चाकू से उस पर कई वार किए.

इस हमले में आदिल गंभीर रूप से घायल हो गया. परिवार के लोग तुरंत आदिल को गोवंडी के शताब्दी अस्पताल लेकर गए. हालांकि, गंभीर चोट के कारण इलाज शुरू होने से पहले ही आदिल की मौत हो गई.

### पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

शिवाजी नगर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि यह पूरी घटना एक मामूली सड़क दुर्घटना से शुरू हुई थी, जो बाद में हिंसक झगड़े और हत्या तक पहुंच गई. मुंबई में बढ़ती आपराधिक घटनाएं और छोटी-छोटी बातों पर बढ़ता गुस्सा समाज के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है.

### समाज के लिए सबक

इस घटना ने दिखाया कि कैसे गुस्से और आवेश में लिए गए फैसले जीवन को बर्बाद कर सकते हैं. पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसी घटनाओं में संयम बनाए रखें और कानून को अपने हाथ में न लें. इस हादसे ने न केवल एक निर्दोष व्यक्ति की जान ले ली, बल्कि दो युवकों को हत्या जैसे गंभीर अपराध का दोषी बना दिया.

# मुंबई : अन्य नशीले पदार्थों से ज्यादा मांग गांजे की बढ़ी



**मुंबई :** मुंबई में थर्टी फर्स्ट के जश्न के लिए नशीले पदार्थों की मांग बढ़ जाती है। रेव पार्टी, बॉलीवुड पार्टी, बीयर बार हो या डिस्कोथेक, हर जगह थर्टी फर्स्ट को नशीले पदार्थों की खपत जमकर होती है। चरस, कोकेन, एमडी और गांजे की मांग भी बढ़ जाती है। सूत्र बताते हैं कि अब अन्य नशीले पदार्थों से ज्यादा मांग गांजे की बढ़ी है। थर्टी फर्स्ट की पार्टियों में गांजा सप्लाई करने के लिए गांजे की तस्करी बड़ी मात्रा में बढ़ गई है। एनसीबी को गुप्त सूचना मिलने पर २० दिसंबर को मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से ११ करोड़ रुपए का गांजा जब्त किया गया। जब्त की गई गांजे की कीमत बाजार में ११.३२ करोड़ रुपए बताई जाती है। यात्री के ट्रॉली बैग के अंदर वैक्यूम सील प्लास्टिक पाऊच में छिपाकर रखा गया था। यह हाइड्रोपोनिक गांजा माना जाता है और इसकी मांग हाई सोसायटी में ज्यादा होती है। इसी तरह १३ किलोग्राम हाइब्रिड स्ट्रेन का गांजा पकड़ा गया, जिसकी कीमत १५ करोड़ रुपए बताई जाती है। पुलिस के मुताबिक, जब्त किया गया गांजा थाइलैंड से मुंबई तस्करी कर के लाया गया था। पुलिस ने यह भी बताया कि यह गांजा मुंबई में होने वाली थर्टी फर्स्ट पार्टियों के लिए मंगाया गया था।

### बेडरूम में उगाता था गांजा

मुंबई में होनेवाली पार्टियों में गांजे की सप्लाई करने वाले एक शख्स को एनसीबी ने भांडुप से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अपने बेडरूम में नियंत्रित वातावरण में गांजा उगाता था। उच्च क्षेणी वाले गांजे को उगाने के लिए आरोपी थाइलैंड से बीज मंगवाता था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों को यह गांजा सप्लाई करता था। आरोपी ने यह भी बताया कि आनेवाले ३१ दिसंबर की पार्टी को देखते हुए गांजे की पैदावार कई गुना बढ़ा दी थी। पता चला है कि आरोपी डार्क वेब के जरिए भी गांजा सप्लाई करता था।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com